भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.03.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3165 का उत्तर

तमिलनाडु की यात्री ट्रेनों में स्वच्छता और सफाई

3165. श्री ए. राजा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान विशेषकर तमिलनाडु जाने वाली यात्री ट्रेनों में स्वच्छता और सफाई संबंधी उपायों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए कोई निरीक्षण, संपरीक्षा, यात्री प्रतिक्रिया विश्लेषण/आंतरिक आकलन किया है और यदि हां, तो क्या प्रमुख निष्कर्ष निकले हैं और उन पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा देश भर में चलने वाली ट्रेनों में स्वच्छता और सफाई बनाए रखने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है और भारतीय रेलगाड़ियों को ठीक से बनाए रखने और साफ-सुथरी स्थिति में रखने के लिए हर संभव प्रयास करता है। भारतीय रेल तमिलनाडु राज्य की सभी यात्री गाड़ियों सहित सभी यात्री गाड़ियों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर निरीक्षण, आंतरिक लेखा परीक्षा, यात्री से फीडबैक और विशेष जांच करता है। साफ-सफाई और स्वच्छता से संबंधित मुद्दों के समय पर निवारण को सुनिश्चित करने के लिए रेल मदद पोर्टल के माध्यम से यात्री प्रतिक्रिया/शिकायतों की बारीकी से निगरानी की जाती है। रेल अधिकारी गाड़ियों में स्वच्छता और हाउसकीपिंग मानकों की निगरानी के लिए नियमित निरीक्षण करते हैं। ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग सेवाओं के संबंध में देखी गई कमियों के लिए सेवा प्रदाताओं पर ऑनबोर्ड स्वच्छता संबंधी जुर्माना लगाया जाता है। सेवा प्रदाता का भुगतान यात्री प्रतिक्रिया से भी जुड़ा है।

चलती गाड़ियों में स्वच्छता और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कुछ प्रमुख कदम निम्नानुसार हैं: -

- बेहतर सफाई के लिए प्राथमिक रखरखाव के दौरान सवारी डिब्बों के आंतरिक, बाहरी और शौचालयों सहित मशीनीकृत सवारी डिब्बों की सफाई सुनिश्चित की जा रही है।
- चिह्नित लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में सवारी डिब्बों के शौचालयों, दरवाजों, गलियारों और यात्री डिब्बों की सफाई के लिए और यात्रियों की शिकायतों का निवारण करने के लिए ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग कर्मचारी सेवा प्रदान की जाती है।
- निर्धारित ठहराव के दौरान चिह्नित गाड़ियों में मशीनीकृत सफाई के लिए क्लीन ट्रेन स्टेशन सेवा शुरू की गई है। उच्च दबाव वाली जेट मशीनों और सफाई उपकरणों से लैस कर्मचारियों की समर्पित टीम सवारी डिब्बों के शौचालयों की सफाई के बाद उन्हें सुखाने का कार्य भी करती है।
- सवारी डिब्बों और स्टेशन क्षेत्रों का नियमित कीट और कृंतक नियंत्रण।
- स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में यात्रियों को संवेदनशील बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं।
- वातानुकूलित और गैर-वातानुकूलित सवारी डिब्बों में कूड़ेदानों का प्रावधान।
- सभी यात्री डिब्बों में बायो-शौचालयों की स्थापना।

****